वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 208 | रविवार 26 नवम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर की 19 सीटों पर 75.15% मतदान

**चुनाव आयोग ने इस बार वोटिंग का समय एक घंटे बढ़ाया था। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई थी। वोटिंग के आखिरी मिनट में बूथ बंद होने से पहले लोग भागते हुए अपना वोट डालने पहुंचे।**






**जयपुर. कासं**

जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों पर शनिवार को वोटिंग खत्म हो गई है। इस चुनाव में 75.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चुनाव में सबसे ज्यादा 83.74% वोटिंग शाहपुरा विधानसभा सीट पर हुई। सबसे कम 69.46% वोट मालवीय नगर विधानसभा में डाले गए। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। वोटिंग के दौरान जयपुर में अलग-अलग जगह हंगामा हुआ। सिविल लाइंस में भाजपा कार्यकर्ता से कुछ लोगों का झगड़ा हो गया। मामले में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया। झोटवाड़ा क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया, जबकि विद्याधर नगर में नाम काटने का आरोप लगाया। चुनाव आयोग ने इस बार वोटिंग का समय एक घंटे बढ़ाया था। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई थी। वोटिंग के आखिरी मिनट में बूथ बंद होने से पहले लोग भागते हुए अपना वोट डालने पहुंचे।

## झोटवाड़ा विधानसभा में फर्जी वोटिंग का आरोप

झोटवाड़ा विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सिवाड़ गांव में फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- शिकायत के बाद भी पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। राज्यवर्धन ने निर्वाचन आयोग में की इसकी शिकायत भी की है।

## विद्याधर नगर विधानसभा में नाम काटने का आरोप लगाया

विद्याधर नगर विधानसभा में कई वोटर्स ने वोटर लिस्ट से नाम काटने का आरोप लगाया। विद्याधर नगर के बूथ नम्बर-8 ब्राइट मून स्कूल में वोट देने पहुंचे रवि वर्मा ने कहा- हमने इसी स्कूल में तीन साल पहले नगर निगम चुनाव में वोट दिया था। आज हम वोट देने पहुंचे तो हमसे कहा गया कि हमारा नाम वोटर लिस्ट में नहीं है।

## बूथों के पास लगे पार्टी के झंडों को हटवाया

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र स्थित गुर्जर की थड़ी के पास लगे पार्टी के झंडों को चुनाव आयोग की टीम ने हटवाया। यह झंडे और पोस्टर पोलिंग बूथ के 200 मीटर के दायरे में लगे थे। चुनाव आयोग के अधिकारी ने कहा- यह नियम विरुद्ध है, हमने रात में भी इसे हटाया था, लेकिन सुबह-सुबह फिर से लगा दिया गया।

## सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में हुआ झगड़ा

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के सुशीलपुरा स्थित बूथ नंबर 157 पर भाजपा कार्यकर्ता दीपक शर्मा के साथ कुछ लोगों ने झगड़ा किया। दीपक शर्मा का आरोप है कि उन्हें किडनैप करने की कोशिश की गई। वहीं, डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया- झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची सोडाला थाना पुलिस ने तीन लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया। किसी ने भी अपहरण और मारपीट से संबंधित कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। हवामहल विधानसभा के शिवाजी नगर पोलिंग बूथ पर बलमुकुंद आचार्य ने हंगामा कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदू सनातनियों के नाम बेवजह काट दिए गए। जयपुर जिले में मॉक पोल के दौरान 29 बैलेट यूनिट, 27 कंट्रोल यूनिट और 40 वीवीपैट मशीनें खराब हुईं। कोटपूतली में एक बैलेट यूनिट, विराट नगर में एक बैलेट यूनिट और दो वीवीपैट मशीनें खराब हुईं। शाहपुरा में 4 वीवीपैट, फुलेरा में 1 वीवीपैट, दूदू में 2 बैलेट यूनिट और 5 वीवीपैट खराब हुईं। झोटवाड़ा में एक बैलेट यूनिट, दो वीवीपैट मशीन खराब हुई। आमेर में दो बैलेट यूनिट, दो कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपैट खराब हुई। हवामहल में 1 बैलेट यूनिट, 2 कंट्रोल यूनिट और 1 वीवीपैट खराब हुई। सिविल लाइन से दो बैलेट यूनिट, 1 कंट्रोल यूनिट और 2 वीवीपैट खराब हुईं। किशनपोल में दो बैलेट यूनिट, 7 कंट्रोल यूनिट और 2 वीवीपैट खराब हुई। आदर्श नगर में दो बैलेट यूनिट, 7 कंट्रोल यूनिट और 2 वीवीपैट खराब हुई। मालवीय नगर में 1 बैलेट यूनिट, 2 कंट्रोल यूनिट और 1 वीवीपैट खराब हुई। सांगानेर में 6 बैलेट यूनिट, 6 कंट्रोल यूनिट और 2 वीवीपैट खराब हुईं। बगरू में 4 बैलेट यूनिट और 5 वीवीपैट खराब हुईं। बस्सी में 1 बैलेट यूनिट और 7 कंट्रोल यूनिट खराब हुईं। चाकसू में 1 बैलेट यूनिट खराब हुई। विद्याधर नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी दीया कुमारी ने हवामहल क्षेत्र में पेंशनर ऑफिस में बने बूथ पर वोट डाला। इस दौरान दीया कुमारी ने कहा- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत झूठ बोल रहे हैं। राजस्थान की जनता पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार बनाने जा रही है।

## नेताओं ने वोट डाला, लोगों से की मतदान की अपील

पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने जयपुर में सी स्कीम स्थित महात्मा गांधी रेजीडेंसी स्कूल के पोलिंग बूथ पर वोट डाला। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर के निर्माण नगर स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल में बने बूथ पर मतदान किया। विद्याधर नगर से कांग्रेस प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल ने महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल बूथ पर मतदान किया।

# रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन का रेट्रो दिवाली फ्यूजन पार्टी सम्पन्न







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन का रेट्रो दिवाली फ्यूजन पार्टी का आयोजन निक्सा बेंकेट हॉल में संपन्न हुई। क्लब अध्यक्ष राजेश मंजू गंगवाल ने बताया कि क्लब के सभी सदस्यों ने पार्टी में रेट्रो दिवाली फ्यूजन कार्यक्रम में रेट्रो ड्रेस में आकर कार्यक्रम को एक उत्सव बना दिया।सभी सदस्यों का पूरे जोश से आना यादगार और आनंददायक अवसर था। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक नीरज- नेहा गंगवाल ने बताया की रेट्रो थीम एक शानदार विचार था, जिसने कार्यक्रम में एक नोस्ताल्जिया और आकर्षण जोड़ा , कार्यक्रम की सजावट, पोशाक, और संगीत का सभी ने भरपूर आनंद लिया। जिससे सभी सदस्य रेट्रो युग में चले गए। संगीत विशेष रूप से मोहक था, क्योंकि इसमें रेट्रो और आधुनिक शैलियों का सर्वोत्तम मिश्रण था, जिसने एक उत्साही और जीवंत माहौल पैदा किया। कार्यक्रम के संयुक्त मुख्य संयोजक सुनील-रीना बिल्टीवाला ने बताया समारोह में दिल्ली से बैंड आया था जिसकी धुन पर सभी सदस्य देर रात तक झूमते रहे। क्लब सचिव कमल -अंजना बडजात्या ने बताया कि समारोह में बेस्ट मेल ड्रेस, बेस्ट फीमेल ड्रेस, बेस्ट डांस- मेल/ फीमेल, बेस्ट कपल जैसे अनेक पुरस्कार दिये गये ।क्लब के चार्टर अध्यक्ष सुधीर - संगीता गोधा जैन ने समारोह के सभी स्पॉन्सर्स का स्वागत और अभिनंदन किया। क्लब कोषाध्यक्ष संजय- रेणु अग्रवाल ने बताया कि समारोह के कॉर्डिनेटर्स - रोटेरियन अक्षित- आस्था ठोलिया, रोटेरियन नीरज- निधिका लुहाड़िया, रोटेरियन मोहित- पूजा जैन, रोटेरियन रश्मिकांत-अल्का सोनी, रोटेरियन सचिन - रिंकू गुप्ता और कन्वेनर्स : रोटेरियन रितेश- सोनिका जैन, रोटेरियन विनीत- संगीता जैन, रोटेरियन पारस- दीपिका बिलाला, रोटेरियन पंकज - टीना अग्रवाल, रोटेरियन गौरव- रूमा गंगवाल, रोटेरियन विकास- मोनिका जैन, रोटेरियन डॉ पीयूष - रीमा शाह थे। जिनके कठिन परिश्रम और समर्पण से समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक आयोजित हो पाया।

## श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में छठे दिन चढ़ाए दो सौ छप्पन अर्घ्य



**आगरा. शाबाश इंडिया।** श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर राहुल विहार शमशाबाद रोड पर आचार्य विद्यासागर नवयुवक मण्डल राहुल विहार के तत्वावधान एवं गणिनी आर्यिका श्री 105 आर्षमति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में चल रहे अष्टानिक महापर्व के पावन अवसर पर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में छठे दिन शनिवार को पंडित शशिकांत जैन के कुशल निर्देशन में सभी इंद्र, इंद्राणियो ने मंत्रोच्चारण के साथ श्रीजी के समक्ष दो सौ छप्पन अर्घ्य चढ़ाएं गऐ विधान के सर्वप्रथम में सभी इंद्रों ने श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा की गुरुमां ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तम ने कहा पाप और पुण्य किसी भी जन्म में मनुष्य का पीछा नहीं छोड़ते हैं। विधान में मौजूद इंद्र- इंद्राणियों ने नृत्य के साथ प्रभु के चरणों में भक्ति प्रस्तुत की। इस दौरान सौभाग्यशाली गुरुभक्तों ने गुरुमां का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त कियो रात्रि में श्रीजी संगीतमयी भव्य आरती की गई रात 8:30 बजे बाहुबली एंड पार्टी ललितपुर के कलाकारों द्वारा बहुत सुंदर नाटिका की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विधान में रोहित जैन, अतिशय जैन,प्रिंस जैन, अतुल जैन, योगेश जैन,पवन जैन लोकचंद जैन, दीपचंद जैन, सतीशचंद जैन,संजय कुमार जैन,ताराचंद जैन, विशाल जैन बंटी,सचिन जैन,शुभम जैन, शोभित जैन,समस्त राहुल विहार जैन समाज के लोगों बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। **रिपोर्ट : मीडिया प्रभारी शुभम जैन**

## अष्टानिका महापर्व पर सिद्धचक्र महामंडल विधान की जा रही महा आराधना

**टीकमगढ़. शाबाश इंडिया।** अष्टानिका महापर्व एवं चातुर्मास निष्ठापन के उपलक्ष्य में बाजार जैन मंदिर टीकमगढ़ मे बहुत ही भक्ति भाव उमंग के साथ श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन परम्पूज्य भारत गौरव गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज एवं परम् पूज्य श्रमणाचार्य श्री 108 विभव सागर जी महामुनिराज के मंगल आशीर्वाद से एवं परम्-पूज्य श्रमणोपाध्याय श्री 108 विकसंत सागर जी गुरुदेव ससंघ के मंगल सानिध्य में बा. ब्र. देशना दीदी के मंगल निर्देशन में आयोजन किया जा रहा है प्रातः कालीन बेला मे संगीतमय पूजन अभिषेक शांतिधारा की गई एवं सिद्धचक्र महामंडल विधान की आराधना करते हुये 64 अर्घ समर्पित किये गये।मुनिश्री ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुये कहा



कि अपने गुरु की छवि को हर मुनिराज मे देखना चाहिये, गुरु पतित को पावन बना देते हैं ,गुरु ही पथिक को पथ दिखाते हैं, गुरु की महिमा निराली है क्योंकि गुरु ही भक्त को भगवान बना देते हैं, अतः हमें भी गुरु की शरण में रहना चाहिए। किसी गुरु से इतना राग मत करना की अन्य वितरागी गुरु से द्वेष होने लग जाये अपने गुरु के राग में किसी दूसरे गुरु से द्वेष हो जायेगा तो ज्ञानी तेरा पतन निश्चित है। गुरु के चरणों में छल मायाचारी असत्य को छोड़कर निश्चल भावना से आलोचना करना चाहिए तभी शिष्य शुद्ध हो सकता है, यदि आलोचना में ही मायाचारी होने लग जाए तो माल को मल से कैसे साफ किया जा सकता है?

## वेद ज्ञान

### तनाव मुक्त रहना है तो लें योगनिद्रा

पूरी रात सोने के बावजूद जब सुबह उठकर आप थका हुआ और बोझिल महसूस करते हैं तो समझ लीजिए आप ने पूरी रात सोकर गुजार दी। इसकी वजह है कि आप नींद में स्वप्न देखते रहते हैं। क्या आपने कभी गिना है कि एक रात में आप कितनी बार करवटें बदलते हैं। कभी गर्मी लग रही है तो कभी मच्छर काट रहे हैं। कभी प्यास लग रही है तो कभी कुछ और दूसरी चीजें परेशान कर रही हैं। कभी-कभी थकान के मारे शरीर इतना अकड़ जाता है कि नींद आनी मुश्किल हो जाती है। नींद पूरी करने के बावजूद यदि थकान महसूस हो तथा मन बोझिल हो तो इसका सीधा अर्थ है कि आप तनाव में हैं। कई बार घर का वातावरण सामंजस्यपूर्ण नहीं होता है। अगर आपका मन तनाव में रहता है तो आपका शरीर कैसे स्वस्थ रह सकता है। कई शारीरिक समस्याओं की वजह भी तनाव हो सकता है। इसलिए यदि हम अपने मन को स्वस्थ रखेंगे तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा। यदि आप हर तरह की चिंता त्यागकर जिएंगे, तो खूब जिएंगे। अगर चिंता में डूबे रहेंगे तो निश्चित तौर पर आप तनाव में रहेंगे तथा आपकी आयु भी प्रभावित होगी। इसलिए अपने आपको हर प्रकार की चिंताओं से मुक्त करने की कोशिश करें। पूरी तरह चिंता मुक्त होकर जीने की आदत डालें और इसे जीवन-शैली के रूप में अपनाएं। सत्संग करें, संतों के सान्निध्य में बैठें। उनसे ज्ञान प्राप्त करें और उस ज्ञान को अपने आचरण का अभिन्न अंग बनाएं। इसके साथ ही सुमिरन करें, क्योंकि सुमिरन के जरिए भी चिंता और तनाव से मुक्ति मिल सकती है। अब प्रश्न यह उठता है कि चिंताग्रस्त मन सुमिरन किस तरह कर सकता है। मन को चिंतामुक्त करने की एक अनोखी विधि है योगनिद्रा। योगाभ्यास प्रायः जाग्रत अवस्था में ही किया जाता है। योगाभ्यास की यह विशेष विधि लेटकर की जाती है। आप या तो जागते हैं या फिर गहरी नींद में सो जाते हैं। योगनिद्रा में आप पूर्णतः जाग्रत होते हुए भी शरीर और मन पर गहरी नींद के तमाम लक्षण अनुभव कर पाते हैं। योगनिद्रा शरीर को संपूर्ण विश्राम देकर पूरी तरह शिथिल कर देती है। यह हमें मानसिक और भावनात्मक विश्राम भी प्रदान करती है। योग निद्रा में सोना नहीं, जागना होता है। हमें पूरी तरह सजग और सचेत रहना होता है।

## संपादकीय

# भारतीय कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है

भारत के श्रम बाजार के संबंध में दो हालिया घटनाक्रम हमारा ध्यान खींचते हैं। सबसे पहले, संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया कि दुनिया के सर्वाधिक आबादी वाले देश के रूप में भारत चीन से आगे निकल गया है, कामकाजी उम्र की आबादी में हमारी हिस्सेदारी अगले 13 वर्षों तक बढ़ेगी। दूसरा, प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन ने कार्यबल में महिला भागीदारी पर अपने काम के लिए अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार जीता। ये खबरें पिछले माह भारत के वार्षिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के जारी होने के साथ मेल खाती हैं। साथ ही, इससे रोजगार में मौजूदा रुझानों को समझने में भी सहूलियत होती है। युवा रोजगार में वृद्धि हो रही है। भारत के उत्तरी व मध्यवर्ती राज्यों में युवा आबादी के साथ-साथ युवा रोजगार में भी वृद्धि हो रही है। पीएलएफएस के अनुसार, युवा (आयु 15 से 29 वर्ष) बेरोजगारी दर 2017-18 के 17.8 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत हो गई है, जबकि युवाओं की



श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 38.2 प्रतिशत से बढ़कर 44.5 हो गई है। साल 2021 में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 6.90 करोड़ युवा, बिहार में 3.50 करोड़ युवा और मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ युवा हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें, तो यहां युवा बेरोजगारी दर साल 2017-18 के 16.7 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 7.0 प्रतिशत हो गई है। भारत में युवाओं की आबादी बढ़ाने वाले राज्य भी अब युवा रोजगार में वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। महिला श्रमबल भागीदारी दर में भी वृद्धि हुई है। महिलाओं में शिक्षा बढ़ी है। उनके नामांकन में भारी वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, उच्च माध्यमिक शिक्षा में महिला सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को लें, जो 2004-05 में 24.5 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 तक 58.2 प्रतिशत हो गया है। उच्च शिक्षा में महिला नामांकन 6.7 प्रतिशत से चार गुना हो गया है। अब 27 प्रतिशत से अधिक महिलाएं उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने लगी हैं, इससे आने वाले दशकों में भारतीय कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी और बढ़ जाएगी। इससे भारत में कार्यबल की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। ध्यान रहे, भारत में एक-चौथाई आबादी 15 वर्ष से कम उम्र की और आधी से अधिक आबादी 30 वर्ष से कम उम्र की है। भारतीय कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। यह 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई है। कामकाजी स्त्रियों की संख्या में वृद्धि के साथ ही स्व-रोजगार व कृषि कार्य में हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है। सबसे पहले, स्व-रोजगार की हिस्सेदारी में वृद्धि ग्रामीण उत्पादन में स्त्रियों के बढ़ते योगदान का संकेत है। यह कई कारणों से हुआ है, जिसमें कृषि उत्पादन में निरंतर उच्च वृद्धि व स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ ईंधन, स्वच्छता आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच के विस्तार से महिलाओं के समय व संसाधन की बचत हुई है। ''कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव'' में प्रस्तुत एक शोध पत्र में यह निष्कर्ष सामने आया कि हर घर नल जल से भी कार्यबल में स्त्रियों की भागीदारी बढ़ी है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# ठोस कचरा प्रबंधन

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण की समस्या को हम सालों से सुनते आ रहे हैं। एक से एक सनसनीखेज वैज्ञानिक रिपोर्टों की बातों को हमें भूलना नहीं चाहिए। यह भी नहीं कि दिल्ली से निकलने वाले गंदे कचरे, कूड़ा-करकट को ठिकाने लगाने का पुख्ता इंतजाम अभी तक नहीं हो पाया है। सरकार यही सोचने में लगी है कि कूड़ा कहां फिंकवाया जाए या इसका निस्तार यानी ठोस कचरा प्रबंधन कैसे किया जाए? जाहिर है इस गुत्थी को सुलझाए बगैर जलाए जाने लायक कूड़े को चोरी- छुपे जलाने के अलावा और क्या चारा बचता होगा? इस गैर- कानूनी हरकत से उपजे धुएं और जहरीली गैसों की मात्रा कितनी है, जिसका कोई हिसाब किसी भी स्तर पर नहीं लगाया जा रहा। इन सबके चलते आम नागरिकों पर सरकार द्वारा लगाए जा रहे प्रतिबंधों से असुविधा हो रही है परंतु सरकार की प्रदूषण नियंत्रक एजेंसियां असल कारण तक नहीं पहुंच पा रहीं। जब कोई अपने सपनों का वाहन खरीदता है तो उसे उसकी कीमत के साथ-साथ रोड टैक्स, जीएसटी आदि टैक्स भी देने पड़ते हैं। इन टैक्सों का मतलब है कि यह सब राशि सरकार की जेब में जाएगी और घूम कर जनता के विकास के लिए इस्तेमाल की जाएगी परंतु रोड टैक्स के नाम पर ली जाने वाली मोटी रकम क्या वास्तव में जनता पर खर्च होती है? क्या हमें अपनी महंगी गाड़ियां चलाने के लिए साफ-सुथरी सड़कें मिलती हैं? क्या टूटी-फूटी सड़कों की समय से मरम्मत होती है? क्या सड़कों की मरम्मत करने वाली एजेंसियां अपना काम निष्ठा से करती हैं? इनमें से अधिकतर सवालों के जवाब आपको नहीं में मिलेंगे। सवाल यह भी उठता है कि सरकार द्वारा वाहनों प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित रखने की दृष्टि से कई नियम लागू किए गए हैं। इनमें अहम है कि दस साल पुराने डीजल और पंद्रह वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन को सड़कों पर चलने की अनुमति न देना। इसके साथ ही जिन वाहनों को चलने की अनुमति है, उन सभी में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र यानी ''पीयूसी'' होना अनिवार्य है। पिछले वर्ष नवम्बर में दिल्ली सरकार ने एक आदेश के तहत वैध प्रदूषण प्रमाणपत्र के बिना चलने वाले वाहनों पर 10,000 रुपये का मोटा जुर्माना लगाने के आदेश दिए थे। दिल्ली की सड़कों पर परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस इसे सख्ती से लागू करते हुए नजर भी आए। हर साल दिवाली के आसपास दिल्ली एनसीआर पर एक जहरीली हवा की चादर चढ़ जाती है। पर्यावरण विशेषज्ञ, नेता और संबंधित सरकारी विभाग हर साल की तरह इस साल भी इस समस्या को लेकर सिर खपा रहे हैं। उन्होंने अब तक के अपने सोच-विचार का नतीजा यह बताया है कि खेतों में फसल कटने के बाद जो ठूंठ बचते हैं, उन्हें खेत में जलाए जाने के कारण ये धुआं बना है जो एनसीआर के ऊपर छा गया है। लेकिन सवाल उठता है कि यह तो हर साल ही होता है तो नये जवाबों की तलाश क्यों हो रही है? आनन-फानन में हर वर्ष दिल्ली सरकार कड़े कदम उठा कर कई तरह के प्रतिबंध लगा देती है। इनमें निर्माण कार्य पर रोक लगाना, भवन की तोड़-फोड़ पर रोक लगाना, पुराने डीजल-पेट्रोल वाहनों पर रोक लगाना, कूड़े को जलाने पर रोक लगाना आदि शामिल हैं। निर्माण कार्यों पर रोक तो समझ में आती है परंतु जिन पुराने वाहनों पर रोक लगती है, उससे सरकार को क्या हासिल होता है, यह समझ नहीं आता।

# अष्टान्हिका महापर्वः नवग्रह जिनके रहे पक्ष में जो जपले नवकार

## भावना जैन ने विधान के तहत भजनों की प्रस्तुतियां दी, श्रद्धालुओं ने दी जमकर भक्ति नृत्य की प्रस्तुतियां

विमल जोला.शाबाश इंडिया

निवाई। अष्टान्हिका महापर्व में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा बिचला जैन मंदिर पर सिद्ध चक्र महामण्डल अनुष्ठान में जैन भजनों की प्रस्तुतियां दी जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के प्रचार संयोजक विमल जौंला ने बताया कि विधान एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम के शुभारंभ में मूलनायक भगवान शांतिनाथ के समक्ष महावीर प्रसाद छाबड़ा एवं हेमचंद



संधी ने दीप प्रज्वलित किया। भजन कीर्तन कार्यक्रम में मुख्य गायक कलाकार भावना एण्ड पार्टी जबलपुर ने मंत्र णमोकार महामंत्र हमें प्राणों से प्यारा , नवग्रह जिसके रहे पक्ष में जो जपले नवकार, गुरुवर का ये रुप सुहाना लगता हैं , पारस प्यारा लागे जिनेश्वर प्यारा लागे , झीमी झीमी उडी.रे गुलाल चालो रे मंदरिया मे , शायद मेरी पूजा का ख्याल दिल में आया है , तुम्ही हो माता पिता तुम्ही हो , आदि अनेक संगीत के साथ भजन कीर्तन मे भजनों की प्रस्तुतियां दी  जिस पर अनिता जैन शकुंतला छाबड़ा उर्मिला सोगानी संजू जौंला आशा लटुरिया संगीता संधी नीरु जैन कंचन जैन यामिनी जैन लाड़देवी जैन सपना संधी मेना जैन सहित अनेक महिलाओं ने जमकर भक्ति नृत्य किए। जौंला ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिष्ठाचार्य अशोक जैन धानी जबलपुर ने भी कई भजन प्रस्तुत किए जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर अभिवादन किया। जौंला ने बताया कि शनिवार को विधान मे इन्द्र इन्द्राणियो ने 512 श्री फल अर्ध्य मण्डप पर चडाय़े।

# ॐ आश्रम के उद्घाटन समारोह के लिए प्रधानमंत्री मोदी को दिया निमंत्रण



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** फरवरी 2024 में होने वाले ह्यॐ आश्रमह्य के उद्घाटन समारोह के लिए विश्वगुरु महामंडलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्द पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निमंत्रण जाडन, पाली में दिया, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीकारते हुए आने की बात कही। इस मौके पर स्वामी ज्ञानेश्वरपुरी ने बताया  कि विश्वगुरु स्वामी महेश्वरानंद पुरी जी अपने दो दिवसीय जयपुर प्रवास के लिए श्याम नगर स्थित ओम-विश्व गुरु दीप आश्रम आये, जहां उनका सत्संग और उनके सानिध्य में और कई आध्यात्मिक कार्यक्रम हुए।

# जय जवान कॉलोनी जैन मंदिर में सिद्धचक्र विधान का आयोजन



## विधान में चढ़ाए 256 अर्घ्य

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर टोंक रोड,जय जवान कॉलोनी के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्यश्री चैत्य सागर महाराज के सानिध्य में कांता देवी, रश्मिकांत-अलका सोनी एवं समस्त सोनी परिवार लाल बहादुर नगर एवेन्यु -द्वितीय निवासी की ओर से आयोजित  सिद्धचक्र विधान में शनिवार को 256 अर्घ्य चढ़ाए गए। इस मौके पर काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक जैन नेता ने बताया कि आयोजन के तहत आज सुबह नित्य नियम पूजा के तहत साजों के बीच श्रीजी की पूजा की गई। इसके बाद विधान में बैठे श्रद्धालुओं ने आया सिद्धचक्र मंडल विधान...कर लो जिनवर का गुणगान जैसी भजनों की स्वर लहरियों के बीच मंडल पर 256 अर्घ्य चढ़ाए। विधान के तहत रविवार को 512 अर्घ्य चढ़ाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान 28 नवम्बर को सुबह नित्य नियम पूजा के बाद विश्वशांति महायज्ञ व श्रीजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।



# नचिकेतन पब्लिक स्कूल में किड्स कल्चरल फेस्ट धूमधाम से मनाया गया

**ऐलनाबाद. शाबाश इंडिया**






शहर के ममेंरा रोड बाईपास स्थित नचिकेतन पब्लिक स्कूल के भव्य ऑडिटोरियम में किड्स कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कृष्ण कुमार खिचड़, प्रिंसिपल राजकीय कन्या सीनियर सैकेन्डरी स्कूल, ऐलनाबाद, विशिष्ट अतिथि अनिल दहिया , प्रिंसिपल राजकीय मॉडल सीनियर सैकेन्डरी स्कूल, ऐलनाबाद व विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय चैयरमैन राजेन्द्र सिंह सिद्धु, सचिव छबील दास सुथार, ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के आरंम्भ में विद्यालय की सा रे गा मा टीम ने अपने स्वागत गान से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय प्रशासक अशोक कुमार मोहराना द्वारा दिए गए संबोधन में उन्होंने बच्चों और अभिभावकों से संवाद किया और बच्चों के स्वर्णिम भविष्य को लेकर विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में मराठी नृत्य, हरियाणवी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, बॉलीवुड डांस, रामायण, देशभक्ति व गिद्दा आदि प्रस्तुतियों ने सभी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके इलावा विद्यालय में समय-समय पर हुई प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कृष्ण कुमार खिचड़ ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम में उपस्थित होने पर वे अपने आप को भाग्यशाली समझते है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के मनोबल का बढ़ाने में सहायक है। अंत में विद्यालय प्रबन्धन समिति द्वारा मुख्यअतिथि




तथा विशिष्ट अतिथि को समृति चिह्न देकर उनका कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय प्राचार्य ने आए हुए सभी मेहमानों, सभी अभिभावकों, प्रतिभागी बच्चों, अध्यापकों, सहकर्मियों व वॉलंटियरस् का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। आज के इस कार्यक्रम में निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु, प्रशासक अशोक कुमार मोहराना, प्राचार्य सत्यानारायण पारीक, प्रबंधन समिति के सदस्य परमिन्द्र सिंह सिद्धु, कपिल सुथार एवं शिवम सुथार भी उपस्थित रहे ।

**रिपोर्ट : रमेश भार्गव पत्रकार, एलनाबाद**



# चौमूं में 83.67% हुआ मतदान



**चौमूं. शाबाश इंडिया**

लोकतंत्र के महापर्व पर शनिवार सुबह 7 से लेकर देर शाम करीब 7: 30 बजे मतदान प्रक्रिया समाप्त हुई। चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 83.67% प्रतिशत मतदान हुआ। उपखंड इलाके में 228 मतदान केंद्र बनाए गए थे। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला अब ईवीएम मशीन में बंद हो चुका है और आगामी 3 दिसंबर को जब परिणाम आएंगे तब पता चलेगा कि चौमूं का ताज किसके सिर पर होगा। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी मतदान दलों की टीमों को ईवीएम मशीनों को सील करके जयपुर के लिए रवाना किया गया। वोटिंग को लेकर युवा और महिला मतदाताओं में भी काफी उत्साह का माहौल नजर आया। सुबह 11 बजे तक 25.39 फीसदी मतदान हुआ। वहीं, शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित मतदान केंद्रों नंबर 93 पर करीब 10 मिनट के लिए ईवीएम मशीन टेक्निकल खामी के चलते बंद हो गई।


## श्री विनोद - हेमा सोगानी



दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के उपाध्यक्ष

की वैवाहिक वर्षगांठ (26 नवंबर) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

Happy Anniversary



शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर





## श्री गोपी अग्रवाल-विजय लक्ष्मी अग्रवाल

को 27वीं वैवाहिक वर्षगांठ की

हार्दिक बधाई

Happy Anniversary

Ashok jain. Bhim Kakarwal.
Kailash khandwall. Hanuman soni




# चार पीढ़ी ने एक साथ की वोटिंग...

**आज सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में भाग संख्या 129 पर 4 पीढ़ी जनरेशन ने एक साथ वोट किया जिसमें 96 ईयर की परदादी एंड 18ईयर की पड़पोती ( grand grand daughter) भी थी**

# श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान पर पूज्यार्थियों द्वारा आज 256 अर्घ्य अर्पित किए गए

## 26 नवम्बर को होगा वर्षायोग का निष्ठापन एवं पिच्छिका परिवर्तन समारोह

**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे में अष्टान्हिका महापर्व के दौरान आर्यिका श्रुतमति माताजी,आर्यिका सुबोध मति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में पूज्यार्थियों के द्वारा भक्ति भाव से आज विधान पर 256 अर्घ्य अर्पित किए गए, जैन महासभा के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबु गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना हुई, कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, तथा चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अनिल कठमाना तथा मंत्री मितेश लदाना ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में रविवार 26 नवम्बर को आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोध मति माताजी का 49 वां पावन वषायोग निष्ठापन, एवं पिच्छिका परिवर्तन समारोह का कार्यक्रम विभिन्न आयोजनों के साथ सकल दिगम्बर जैन समाज के सहयोग से सम्पन्न होगा, उक्त कार्यक्रम दोपहर 2 बजे शुरू होगा जिसमें चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन, समाधिस्थ मुनि गुणसागर जी महाराज की पूजा, समाधिस्थ आर्यिका आदिमति माताजी की पूजा, आर्यिका श्रुतमति माताजी आर्यिका सुबोध मति माताजी की पूजा अर्चना के बाद पादप्रक्षालन, शास्त्र भेंट, नवीन पिच्छिका परिवर्तन के बाद आरती होगी। मंदिर समिति के प्रतिनिधि विनोद मोदी ने अवगत कराया कि कल उक्त कार्यक्रम पंडित कुमुद सोनी अजमेर के दिशा निर्देश में भक्ति भाव से विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा सम्पन्न होगा।मंदिर समिति के प्रतिनिधि त्रिलोक जैन पीपलू ने अवगत कराया कि आज कार्यक्रम में महावीर प्रसाद, रामवतार, नवरत्नमल, कमलेश कुमार, प्रेमचंद अनिल कुमार, गणेश, मुकेश, बबलू जैन कठमाना परिवार ने श्री जी की शांति धारा करने का पुण्यार्जन प्राप्त किया, उक्त कार्यकम में मोहन लाल झंडा,रामस्वरूप मंडावरा, नेमीचंद कागला, केलास कासलीवाल, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा,फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा,हरक चंद पीपलू,संतोष बजाज, रतन नला, कैलास कडीला, सुरेंद्र चौधरी, सुरेंद्र बावड़ी, रमेश बावड़ी, धर्मचंद पीपलू, कमलेश मंडावरा, विमल कलवाडा,पदम बजाज,पारस मोदी सहित सारे श्रावक श्राविकाएं साथ-साथ थे।

# मदद करने से मिलती है खुशियों की चाबी

**निवाई।** श्री दिगम्बर जैन सहस्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी जिला - टोंक (राज.) में विराजमान गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में विज्ञातीर्थ क्षेत्र का निर्माण अति शीघ्रता से चल रहा है । प्रतिदिन दूर - दूर से यात्रीगण माताजी के दर्शनार्थ पधार रहे हैं । जोधपुर से पधारे हुए श्रेष्ठी हुकुमचंद पाटनी ने व जयपुर से पधारे हुए भक्तों ने माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया । पूज्य माताजी ने सभी को मंगल उपदेश के माध्यम से दूसरों की सहायता करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि - दयालुता के काम करने से आपका मूड बेहतर रहता है और अंततः आप अधिक आशावादी और सकारात्मक बनते हैं। इसलिए अपने अंदर के मदद के जज्बे को कमजोर न पड़ने दें और जब भी मौका मिले मदद को बढ़ाएं हाथ । दूसरों के भले के लिए अपने समय, धन और ऊर्जा (time , Money And Energy) का स्वेच्छा से इस्तेमाल करना केवल दुनिया को बेहतर बनाता है, बल्कि यह आपके अंदर खुशी (Happiness) का जज्बा भी पैदा करता है । दूसरों की मदद करते रहने से तनाव कम करने में मदद मिलती है. साथ ही यह आपकी सेहत के लिए भी अच्छा होता है. यह आपके जीवन में संतुष्टि की भावना को बढ़ाने में मददगार हो सकती है. ऐसा इसलिए है, क्योंकि दूसरों की मदद हमारे अकेलेपन को कम करती है और हमारे सामाजिक दायरे को बढ़ाती है। अतः हमें दूसरों की मदद करना चाहिए । आगामी 10 दिसम्बर 2023 को होने वाले पिच्छिका परिवर्तन एवं 108 फीट उत्तुंग कलशाकार सहस्रकूट जिनालय के भव्य शुभारम्भ में सम्मिलित होकर इस सुअवसर में साक्षी बनकर पुण्यार्जन करें ।




## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# जनकपुरी में कलश वितरण व पिच्छि परिवर्तन का भव्य समारोह सम्पन्न






## जीवन के उद्धार का संयम पालन ही आधार : विशेष मति माताजी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी की शिष्या बालयोगिनी आर्यिका विशेष मति माताजी का शनिवार को भव्य पिच्छि परिवर्तन समारोह व कलश वितरण का आयोजन हुआ। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार मन्दिरजी में प्रातः कलश वितरण का कार्य हुआ जिसमे वर्षा योग का मुख्य कलश नरेंद्र जैन निखार को चार निर्मल कलश - विजय राकेश राजेंद्र ठोलिया , सुभाष राजेश गर्ग , सोभाग पाटनी बँथली वाले तथा पदम पारस पहुप बिलाला के अलावा 35 विशुद्ध कलश आर्यिका श्री द्वारा मन्त्रोचार के साथ वितरित किए गये । इसके बाद हाथों में कलश लिए कलश यात्रा का आयोजन हुआ। मध्याह्न में भव्य पिच्छि परिवर्तन समारोह आयोजित हुआ। प्रबंध समिति अध्यक्ष बिलाला ने सभी का शाब्दिक स्वागत किया तथा चातुर्मास अवधि में आर्यिका श्री की चर्या व सादगी जैसी विशेषताओं का वर्णन करते हुए माताजी के सानिध्य में हुए कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी वहीं माताजी के प्रवचनो के मुख्य अंशों को भी समाज के समक्ष राकेश जैन आकाशवाणी द्वारा प्रस्तुत किया गया। आर्यिका श्री को पिच्छि देने व आर्यिका श्री की पिच्छि लेने तथा शास्त्र भेंट का पुण्य लाभ छोटे लाल प्रकाश खोरा वाले दुर्गापुरा को मिला। समारोह में युवा महा सभा के ज्ञान चंद झाँझरी, मुनि सेवा संघ के ओम प्रकाश काला, जैन बैंकर्स के भाग चंद मित्रपूरा कमल चंद जैन, धर्म जागृति संस्थान के जितु गंगवाल कमल दीवान राजेंद्र पापड़ीवाल महेश सेठी, जैन गजट के महावीर जैन, मोहन बाड़ी के राजेंद्र बिलाला मोहन जैन, प्रताप नगर, चित्र कूट, चोमू बाग, दुर्गापुरा आदि स्थानीय समाज के अलावा नैनवा, चौथ का बरवाडा आदि स्थानों के भक्त जनो की सक्रिय सहभागिता रही। माताजी को वस्त्र भेंट जे के जैन लाड देवी द्वारा किए गए तथा पाद प्रक्षालन का धर्म लाभ ज्योति सौरभ जैन लवकुशनगर को मिला। इसके पहले चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन व मंगलाचरण व भक्ति गीत का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में चातुर्मास कलश देवेंद्र कासलीवाल को व अखंड ज्योति प्रकाश गंगवाल को प्राप्त हुई। चातुर्मास अवधि में सर्वाधिक जाप करने के लिए प्रथम अनीता बिंदायक्यकद्वितीय ज्ञान चंद भोंच व तृतीय पुष्पा बिलाला को सम्मानित किया गया। प. प्रकाश जैन, ब्र. सविता दीदी व जितु द्वारा साज बाज व भक्ति भाव के साथ गुरु पूजन करायी गई जिसमे सभी ने नाचते गाते भाग लिया। आर्यिका श्री ने जनकपुरी ज्योतिनगर समाज, मन्दिर प्रबंध समिति, महिला मंडल व युवा मंच के कार्यों की व धार्मिक भावना की सराहना की तथा कहा कि जीवन का उद्धार संयम को धारण करने से ही संभव है माताजी ने बाहर से पधारे व स्थानीय समाज को आशीर्वाद दिया।

# नेट थिएट पर भजन: हरि सुमरो रे मन मेरा, जासे जन्म सफल हो तेरा




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज रेनवाल फागी के प्रसिद्ध भजन गायक बाबूलाल भाट ने अपने मधुर कंठ से भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को आनंद रस में हिलोरे दिलाए। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि गायक बाबूलाल भाट अपने कार्यक्रम की शुरूआत गुरु वंदना सद्गुरु के चरणों में मन लागा जीवन का यही है सार सुनाया तो दर्शक वाह वाह कर उठे। उन्होंने राम और तुलसीदास रचित भजन हरि सुमरो रे मन मेरा, जासे जन्म सफल हो तेरा,मेरी भी सुनो नाथ जैसे सबको कष्ट निवारो,हे गोविंद गोपाला है नटवर नंदलाला और अंत में मेरे घर आने में देर क्यों करी नारायण हरि नारायण हरि की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। इनके साथ तबले पर प्रियांश भार्गव ने असरदार संगतकर इस संध्या को भक्तिमय बना दिया ' कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी कैमरा और लाइट्स मनोज स्वामी, मंच व्यवस्था अंकित शर्मा नोनू और जीवितेश शर्मा की रही ।

# जयपुर में व्यापारियों द्वारा मतदान में सक्रिय भागीदारी निभाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेन्द्र बज ने राजस्थान विधानसभा के चुनावों में सभी व्यापारियों का मतदान में सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया है। व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश में मतदान प्रतिशत काफी अच्छा रहा है। विधानसभा चुनाव के दिन आज प्रदेश के अधिकांश व्यापारीक प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहे हैं व व्यापारियों ने काफी सक्रिय भूमिका निभाई है व्यापारियों के कर्मचारियों को भी मतदान का मौका देकर के वोट डालने के लिये सवेतनिक अवकाश देकर प्रोत्साहित किया। जयपुर व्यापार महासंघ,चेम्बर आफ कामर्स, फोर्टी, कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स राजस्थान सहित प्रदेश के सभी व्यापारी संगठनों ने चुनाव में मतदान बढ़ाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाई ।

# लोकतंत्र के उत्सव में निभाई जिम्मेदारी...









## दुर्गापुरा जैन समाज के गणमान्य सदस्य एक साथ वोट के लिए गए





# बुजुर्गों व दिव्यांगों ने निभाई अपनी जिम्मेदारी...





# उत्साह व जोश के साथ किया मतदान











# किया मतदान, अब फैसला 3 दिसम्बर को...









